भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
(प्रशासन एवं कार्मिक अनुभाग)
महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग,
(ओल्ड मिंटो रोड), डॉ. जाकिरहुसैन कॉलेज के समीप,
नई दिल्ली-110002

सत्यमेव जयते

TRAI

संख्या 1–01/2021–प्रशासन एवं कार्मिक

दिनांक 01 फरवरी, 2021

प्रेषितिः–

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग,
केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय
(संलग्न सूची के अनुसार : ईमेल द्वारा)

विषयः भादूविप्रा (मुख्यालय), नई दिल्ली में अन्यत्र (फॉरेन) सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर प्रधान सलाहकार (वित्तीय एंव आर्थिक विश्लेषण) के पद को भरना।

महोदय,

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के तहत संसद के द्वारा स्थापित एक सांविधिक निकाय है। भादूविप्रा की स्थापना दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करने और दूरसंचार क्षेत्र के सेवा प्रदाताओं एवं उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने, दूरसंचार क्षेत्र के उचित एवं व्यवस्थित विकास को बढ़ावा देने तथा सुनिश्चित करने और इनसे संबंधित प्रासंगिक मामलों के लिए की गई है। वर्ष 2004 से, भादूविप्रा को प्रसारण एवं केबल सेवाओं के विनियमन से जुड़े कार्य का अधिकार भी सौंपा गया है।

2. प्राधिकरण प्रारंभ में दो वर्षों के लिए **भादूविप्रा (मुख्यालय), नई दिल्ली में** अन्यत्र (फॉरेन) सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर **प्रधान सलाहकार (वित्तीय एंव आर्थिक विश्लेषण)** के पद को भरने का प्रस्ताव आमंत्रित करता है। पद के लिए योग्यता एवं अनुभव आदि के विवरण नीचे दिए गए हैं:–

पद का नाम	वेतनमान/पे लेवल	पात्रता की शर्तें	अनिवार्य योग्यता	अनुभव
प्रधान सलाहकार (वित्तीय एंव आर्थिक विश्लेषण)	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार, पे मैट्रिक्स में पे लेवल – 15, एवं सरकारी नियमों के अनुसार अन्य भत्ते जैसे डीए, एचआरए आदि। (संशोधन पूर्व एचएजी, रु. 67000–वार्षिक वेतन वृद्धि@3% रु. 79000)	केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय के अधिकारी: 1) समकक्ष पद पर नियमित आधार पर कार्यरत हैं **या** 2) वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड के अधिकारी जिन्होंने उक्त ग्रेड में चार वर्ष की नियमित सेवा की है **या** 3) समूह क में इक्कीस वर्ष की नियमित सेवा वाले वे अधिकारी, जिन्होंने वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड में कम से कम चार वर्ष की नियमित सेवा की है।	**अनिवार्य** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से व्यवसाय प्रशासन/अर्थशास्त्र/वाणिज्य/इंजीनियरिंग/विधि/विज्ञान/मानविकी में स्नातक या स्नातकोत्तर की डिग्री या भारतीय चार्टड एकाउंटेंट संस्थान/भारतीय लागत एवं कार्य लेखाकार संस्थान (आईसीडब्ल्यूएआई) की सदस्यता और संबंधित क्षेत्र में अनुभव हो। **वांछनियः**–प्रबन्धन, वित, अर्थशास्त्र, विधि, इंजीनियरिंग, दूरसंचार अथवा वाणिज्य में स्नातकोत्तर की डिग्री हो।	अर्थशास्त्र नीति निर्माण करने/आर्थिक विश्लेषण/आर्थिक प्रबन्धन/टैरिफ या कीमत प्रबन्धन/वित्त या कराधान संबंधी मामलों को संभालने में अनुभव हो।

3. यह नियुक्ति अन्यत्र (फॉरेन) सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर की जाएगी और यह कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17 जून, 2010 के का.ज्ञा. संख्या 6/8/2009–स्थापना (पे II) और इसमें समय–समय पर किए गए संशोधन के अधीन होगी। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु **भादूविप्रा में आवेदन करने की अंतिम तिथि पर अधिकतम आयु किसी भी मामले में 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।**

4. सभी मंत्रालयों/विभागों, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सांविधिक एवं स्वायत्त निकायों से पात्र उम्मीदवारों, जिनकी सेवाएं, उनके चयन के मामले में तुरंत प्राधिकरण के अधीन शामिल की जा सकती हैं, की पिछली पांच वर्षों की एसीआर/एपीएआर की सत्यापित प्रतियों और सतर्कता/अनुशासनिक क्लीयरेंस सहित निर्धारित प्रोफॉर्मा *(इसे भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है)* में आवेदन अग्रेषित करने का अनुरोध किया जाता है। आवेदक द्वारा लिफाफे पर आवेदित पद का नाम स्पष्ट अक्षरों में लिखकर **वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र. एवं का.), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (पुराना मिंटो रोड), जाकिर हुसैन कॉलेज के पास, नई दिल्ली – 110002 को 01 मार्च, 2021** तक प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

5. यदि, उपरोक्त हिंदी संस्करण में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो इस मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

भवदीय,

(विनय कुमार गोयल)
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र. एवं का.)
दूरभाष: 23664–213/फैक्स:23233017

प्रतिलिपिः–

1. विकाधि, अध्यक्ष, भादूविप्रा का कार्यालय
2. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सदस्य भादूविप्रा का कार्यालय
3. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सचिव, भादूविप्रा
4. सभी प्रधान सलाहकार/सलाहकार (मुख्यालय) एवं (क्षेत्रीय कार्यालय), भादूविप्रा
5. जेए (आईटी) – इसे भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ
6. निदेशक (सीएस प्रभाग), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, लोक नायक भवन, नई दिल्ली – ***इसे कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ***
7. नोटिस बोर्ड